District Legal Services Authority,
District Court Campus, Basti

सेवा में,

माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
बस्ती।

पत्रांकः– 545/जि0वि0से0प्रा0, बस्ती दिनांक मई 18, 2023

विषयः– ***दिनांक 21.05.2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के सम्बन्ध में।***

महोदय,

ससम्मान अवगत कराना है कि दिनांक 21.05.2023 को जनपद न्यायालय परिसर एवं समस्त तहसील तथा कलेक्ट्रेट परिसर में, राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जनपद के समस्त तहसील एवं कलेक्ट्रेट परिसर व अन्य विभाग की कार्यावधि सामान्यतः प्रातः 10:00 बजे से प्रारम्भ होती है एवं काफी अधिक संख्या में वादकारीगण दूर–दराज से आते हैं। इस सम्बन्ध में माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से भी मार्ग दर्शन प्राप्त किया गया एवं समस्त बार के सम्बन्धित अध्यक्ष महोदय से भी वार्ता की गई, जिसमें प्रातः 10:00 से सायं 05:00 बजे तक लोक अदालत के आयोजन हेतु सहमति व्यक्त की गई। ऐसी परिस्थिति में दिनांक 21.05.2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रातः 10:00 बजे से प्रारम्भ करना उचित प्रतीत होता है।

अतः यदि माननीय महोदय अनुमति प्रदान करने की कृपा करें, तो दिनांक 21.05.2023 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु समस्त सम्बन्धित को पत्र/सूचना प्रेषित किया जा सकता है एवं उक्त तिथि हेतु, जनपद न्यायालय परिसर में, एक चिकित्सीय टीम की उपस्थिति हेतु एवं वादकारियों के लिए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता हेतु, क्रमशः मुख्य चिकित्साधिकारी, बस्ती एवं अधिशाषी अभियन्ता, नगर पालिका परिषद, बस्ती को अनुरोध पत्र प्रेषित किया जा सकता है।

सादर!

भवदीय
19/05/23
(रजनीश कुमार मिश्र)
अपर जिला जज/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
बस्ती

No. 03 /2023, DLSA, Basti ***Date : May 18, 2023***

<u>Order</u>

Seen, Approved. Inform all concern accordingly. Upload on Portal of District Court Basti as well.

19/5/23

D.J./Chairman
D.L.S.A., Basti